मणि प्रसाद
अकादेमी पुरस्कारः हिंदुस्तानी गायन संगीत

MANI PRASAD
Akademi Award: Hindustani Vocal Music

Born on 4 November 1932 at Wardha, Maharashtra, Shri Mani Prasad, popularly known as Dhyan Rang Piya, received his training in Hindustani music from his grandfather Shri Shaktiram, and later learnt under the tutelage of his father Shri Sukhdev Prasad and his uncles Shri Shankar Lal and Shri Gopal Prasad, eminent exponents of the Kirana gharana.

A top grade artist of All India Radio and Doordarshan, he has performed in many prestigious music festivals in India and abroad. Shri Mani Prasad has composed many bandishes under the pen name - Dhyan Rang Piya. He is equally adept in Purab Ang as well as in the Punjab Ang of Thumri. Shri Mani Prasad has been associated with many prestigious cultural institutions such as senior guru at the Centre of Creative Excellence of the Government of Meghalaya; and member of the Music Audition Board of All India Radio, Delhi. He has trained many students. Presently, Shri Mani Prasad is teaching at Gangubai Hangal Gurukul at Hubli, Karnataka thus propagating and promoting the tradition of the Kirana gharana. He has many recordings to his credit.

For his excellence in the field of Hindustani vocal music, Shri Mani Prasad has been honoured with the Rajasthan Sangeet Natak Akademi Award, among other honours.

Shri Mani Prasad receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2018 for his contribution to Hindustani vocal music.

SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018

महाराष्ट्र के वर्धा में 4 नवंबर 1932 को जन्मे, श्री मणि प्रसाद, जो ध्यान रंग पिया के नाम से मशहूर हैं, ने अपने दादा श्री शक्तिराम से हिंदुस्तानी संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया, और बाद में किराना घराने के मशहूर प्रतिपादकों, अपने पिता श्री सुखदेव प्रसाद और अपने चाचा श्री शंकर लाल और श्री गोपाल प्रसाद के संरक्षण में अपने गायन कौशल को निखारा।

आप आकाशवाणी और दूरदर्शन के शीर्ष स्तर के कलाकार हैं और भारत के साथ ही विदेशों में आयोजित होने वाले कई प्रतिष्ठित संगीत समारोहों में आपने अपनी प्रस्तुतियाँ दी हैं। श्री मणि प्रसाद ने ध्यान रंग पिया नाम से कई बंदिशों की रचना की है। आप पूरब अंग के साथ-साथ ठुमरी के पंजाब अंग में भी समान रूप से महारत रखते हैं। श्री मणि प्रसाद कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थानों से जुड़े रहे हैं जैसे मेघालय सरकार के सेंटर ऑफ क्रिएटिव एक्सीलेंस में वरिष्ठ गुरु और ऑल इंडिया रेडियो, दिल्ली के संगीत ऑडिशन बोर्ड के सदस्य आदि। आपने अनेक छात्रों को प्रशिक्षित किया है। वर्तमान में, श्री मणि प्रसाद कर्नाटक के हुबली में गंगूबाई हंगल गुरुकुल में पढ़ा रहे हैं और इस प्रकार किराना घराने की परम्परा का प्रचार और प्रसार कर रहे हैं। आपके गायन की कई रिकॉर्डिंग्स उपलब्ध हैं।

हिंदुस्तानी गायन संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए, श्री मणि प्रसाद को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिसमें राजस्थान संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रमुख है।

हिंदुस्तानी गायन संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए, श्री मणि प्रसाद को वर्ष 2018 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।



SANGEET NATAK AKADEMI AWARDS
संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार
2018